हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद
CIN U20299DL 1986NPL023253
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
"EPCH HOUSE" POCKET 6 & 7, SECTOR - C, L.S.C., VASANT KUNJ, NEW DELHI-110 070
Tel.: +91-11-26135256 / 57 / 58
Fax: +91-11-26135518 / 19
E-mail: mails@epch.com
Web : www.epch.in

06-10 February 2024
Spring
IHGF DELHI FAIR

## प्रेस विज्ञप्ति – चौथा दिन

**57 वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला - स्प्रिंग 2024**
**6 से 10 फरवरी 2024, इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा**

उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय कैबिनेट मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई, निवेश प्रोत्साहन, श्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी'ने मेला का दौरा कर प्रदर्शकों से संवाद किया और प्रदर्शित उत्पादों की विविधता और सुरुचिपूर्ण ढंग से उनके प्रदर्शन और आकर्षण की सराहना की

डिजिटल मार्केटिंग और साइबर सुरक्षा रुझान जैसे सामयिक मुद्दों पर सेमिनारों में भारी तादाद में लोगों ने की शिरकत, शानदार रैंप शो प्रदर्शित संग्रहों के लिए सराहना बटोरने के साथ ही जारी सोर्सिंग को प्रोत्साहित किया,

नई पीढ़ी के खरीदारों आईएचजीएफ को अपने प्रमुख डिपो के रूप में चुनने का मन बनाया

**नई दिल्ली/एनसीआर – 9 फरवरी 2024 -** आईएचजीएफ दिल्ली मेला- स्प्रिंग 2024 का 57वां संस्करण 6 से 10 फरवरी 2024 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे में आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन अपने अंतिम दो दिनों में व्यवसायिक पूछताछ को गति देने, ऑर्डर को अंतिम रूप देने और नमूना संग्रह की दिशा में पूरी गति से आगे बढ़ रहा है।

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के अध्यक्ष श्री दिलीप बैद ने इस असर पर साझा किया, "उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई मामले, निवेश प्रोत्साहन मामलों के माननीय कैबिनेट मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' की आज आईएचजीएफ दिल्ली मेले में गरिमामयी उपस्थिति रही। उपस्थिति के साथ ही उन्होंने हस्तशिल्प क्षेत्र की ताकत को प्रदर्शित करने वाली असाधारण प्रस्तुति के लिए ईपीसीएच को हार्दिक बधाई दी। प्रदर्शकों के साथ बातचीत करते हुए, उन्होंने प्रदर्शित उत्पादों की विविध श्रृंखला की तारीफ की। उन्होंने नवाचार के हिसाब से बने उत्पादों को विशेष रूप से उल्लेखनीय बताया क्योंकि वे मैन्यूफैक्चरिंग में भारत की दक्षता का प्रदर्शन करते है। साथ ही ये उत्पाद त्रुटिहीन होने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय रुझानों से मेल खाते हैं।

आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा, "पहले तीन दिनों के दौरान अच्छी संख्या में खरीदारों ने मेले का दौरा किया और मेले में अपने नियमित और नए आपूर्तिकर्ताओं के साथ ऑर्डर देने में अपनी रुचि साझा की। कई पुराने और नए खरीदार हमारे आयोजन का हिस्सा बने हैं। यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि हमारे क्रेताओं और संरक्षकों की अगली पीढ़ी आईएचजीएफ दिल्ली मेले के साथ अपनी सोर्सिंग यात्रा शुरू कर रही है। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट हमारे हस्तशिल्प उद्योग के दूसरी और तीसरी पीढ़ी के निर्यातकों के साथ इन युवा खरीदारों के बीच नए व्यापारिक संबंधों की शुरुआत का गवाह है। इस तरह हमारा वैश्विक परिवार बढ़ रहा है।"

ईपीसीएच मेलों को इसके पहले संस्करण से ही समर्थन और संरक्षण देते आ रहे इयान स्नो के प्रतिनिधि के तौर पर मेले में यू.के. से आए डेज़ी स्नो और स्कॉट हिरोन ने कहा कि इस मेले में आना उनके लिए 'घर' आने जैसा है और वे इससे बहुत खुश हैं। वह कहती हैं, "मैंने अपने पिता के साथ खुद को भारत के होम वेयर और फ़र्नीचर उद्योग में डुबो दिया है, जिसकी जड़ें मेरी अंग्रेजी विरासत में हैं। कारीगरों के साथ काम करते हुए, मैंने उन्हें रीसाइकल्ड कच्चे माल का उपयोग को प्रोत्साहित किया। ऐसा करके मैंने पारंपरिक शिल्प को स्थायी रूप से संरक्षित किया है। विश्व स्तर पर काम करते हुए, मैंने सचेत उपभोग की वकालत करते हुए भारतीय शिल्प कौशल की सुंदरता को साझा किया है।"

अमेरिका से आए खरीदार मारिया और डेविड, शिल्प कौशल की समझने और उसके मूल्य को पहचानने वाले अपने ग्राहक आधार की मांग को पूरा करनेके लिए उच्च-स्तरीय और प्रीमियम टेबल लिनेन और रजाई की तलाश कर रहे थे। उन्होंने

बताया,"हम व्यक्तिगत कनेक्शन के मूल्य में विश्वास करते हैं, यही कारण है कि हम अपने आपूर्तिकर्ताओं और उनकी टीमों के साथ संबंध स्थापित करने के लिए यहां मौजूद हैं।"

अमरीका से ही आए एक अन्य खरीदार, टिम ओ हर्न ने कहा, "मेरी कंपनी सुंदरता गुणवत्ता, शिल्प कौशल और स्थायी शैली के साथ ईमानदार लक्जरी को परिभाषित करने का काम करती है। यही कारण है कि मैं यहां खूबसूरत साज-सज्जा वाले उत्पादों लिए आया हूं। मैं कुछ बैगों के लिए डील फाइनल कर रहा हूं। अभी और भी बहुत कुछ करना बाकी है"। जर्मनी से आए क्रेता जूलिया और डैनियल मेले के नेविगेशन और डिस्प्ले के प्रसार से काफी खुश दिखे, उन्होंने साझा किया, "हम हस्तनिर्मित कश्मीरी उत्पादों का व्यापार करते हैं और इस श्रेणी में नए भारतीय आपूर्तिकर्ताओं की तलाश करते हैं। भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता और हाथ से बुनी गई तकनीकों से प्रभावित होकर, हम अपने ग्राहकों के लिए अपनी पेशकशों को बढ़ाते हुए साझेदारी बनाने के लिए उत्सुक हैं।

ईपीसीएच के वाइस चेयरमैन (द्वितीय) डॉ. नीरज खन्ना ने बताया, "इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के 16 बड़े हॉलों में 14 विविध उत्पाद श्रेणियों की विशेषता वाला यह मेला नियमित संरक्षकों और पहली बार व्यापार करने आए आगंतुकों दोनों के लिए प्रेरणा और उत्साह का स्रोत बना हुआ है। यहां, शिरकत कर रहे लोगों को निर्माताओं के साथ जुड़ने, उनसे प्रेरणा लेने और भारत के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले निर्माताओं के व्यापक स्पेक्ट्रम से शिल्पों और उत्पादों को खरीदने का अवसर मिलता है। कई लोगों के लिए, यह मेला नवीनता और कलात्मकता के एक जीवंत केंद्र के रूप में कार्य करता है। यह आयोजन सदाबहार क्लासिक्स और समकालीन प्रभावों का एक सहज मिश्रण प्रदर्शित करता है। संक्रमणकालीन तत्वों से लेकर सुंदर सरल लेकिन अप्रत्याशित रूप से प्रकृति और रोजमर्रा के अनुभवों से प्रेरित डिजाइनों तक, मेला शिल्प कौशल और रचनात्मकता के क्षेत्र के माध्यम से एक मनोरम यात्रा की पेशकश कर रहा है।

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक, श्री आर. के वर्मा ने इस मौके पर साझा किया "आज 'क्रिएटिंग ऑनलाइन प्रेजेंस थ्रू इफेक्टिव डिजिटल मार्केटिंग टेक्नीक्स' और 'एमर्जिंग ट्रेंड्स ऑफ सायबर सिक्योरिटी चैलेंजेस एंड सिक्योरिटी सर्विसेज इन डिजिटल एरा' विषयक सेमिनारों में वरिष्ठ उद्योग विशेषज्ञों ने मार्केटिंग, डिजिटल मार्केटिंग और कॉर्पोरेट संचार, डेटा सुरक्षा, साइबर सुरक्षा के अनुप्रयोग, शीर्ष 7 साइबर सुरक्षा कार्रवाइयां, कार्यस्थल पर साइबर सुरक्षा, कानूनी और नियामक अनुपालन,आदि को समझाने के साथ-साथ उपायों के बारे में जानकारी साझा की। "

आईएचजीएफ दिल्ली मेला-स्प्रिंग 2024 की मेला अध्यक्ष, श्रीमती प्रिया अग्रवाल ने इस विषय को विस्तार देते हुए कहा, "सचित्र प्रस्तुतियों और बातचीत के साथ इन इंटरैक्टिव सत्रों में कई उपस्थित लोग थे जिन्होंने दी जाने वाली सूचना और अपडेट से लाभ उठाया। वहीं दूसरी ओर आयोजन के स्पेक्ट्रम को पूरा करते रैंप शो ने विभिन्न उत्पादों जैसे बैग, सामान, रिसॉर्ट/लाउंज वियर, शॉल और स्टोल और आभूषण के लिए व्यावहारिक और उपभोक्ता के हिसाब से कई शानदार कॉन्सेप्ट पेश किए।

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद के कार्यकारी निदेशक श्री आर.के वर्मा ने बताया कि ईपीसीएच दुनिया भर के विभिन्न देशों में भारतीय हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने और उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में विदेशों में भारत की छवि और होम,जीवनशैली,कपड़ा, फर्नीचर और फैशन आभूषण और सहायक उपकरण के उत्पादन में लगे क्राफ्ट क्लस्टर के लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के प्रतिभाशाली हाथों के जादू की ब्रांड इमेज बनाने के लिए जिम्मेदार एक नोडल संस्थान है। इस अवसर पर ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर के वर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान हस्तशिल्प निर्यात 30,019.24 करोड़ रुपये (3,728.47 मिलियन डॉलर) रहा।

---

**अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**

श्री आर.के.वर्मा, कार्यकारी निदेशक- ईपीसीएच-+91-9810697868

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
CIN U20299DL 1986NPL023253
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
"EPCH HOUSE" POCKET 6 & 7, SECTOR - C, L.S.C., VASANT KUNJ, NEW DELHI-110 070
Tel.: +91-11-26135256 / 57 / 58
Fax: +91-11-26135518 / 19
E-mail: mails@epch.com
Web : www.epch.in

06-10 February 2024
Spring

57th IHGF DELHI FAIR

**PRESS RELEASE – Day 4**

**57th IHGF Delhi Fair – SPRING 2024**
**6th to 10th February 2024, India Expo Centre & Mart, Greater Noida**

## Shri Nand Gopal Gupta 'Nandi', Hon'ble Cabinet Minister of Industrial Development, Export Promotion, NRI, Investment Promotion, Govt. of Uttar Pradesh visits, interacts with exhibitors and commends diverse array & visual allure of display

### Seminars on topical issues like Digital Marketing and Cyber Security Trends well attended, Scintillating Ramp Shows garner appreciation for collections showcased, sourcing continues with next generation buyers choosing IHGF as their prime depot

**New Delhi/NCR – 9th February 2024 -** The 57th edition of IHGF-DELHI FAIR – SPRING 2024 being held from 6th to 10th February 2024 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida Expressway, is on its final two days with enquiries, order finalising and sample collection, defining the momentum.

Mr. Dileep Baid, Chairman, EPCH shared, "Shri Nand Gopal Gupta 'Nandi', the Hon'ble Cabinet Minister of Industrial Development, Export Promotion, NRI Affairs, Investment Promotion for the Government of Uttar Pradesh, graced the IHGF Delhi Fair today with his presence. He extended his heartfelt congratulations to EPCH for exceptional presentation, showcasing the strengths of the handicraft sector. Interacting with the exhibitors, he expressed admiration for the diverse array of products exhibited. He called the innovative offerings particularly noteworthy as they align impeccably with international trends, emphasizing India's proficiency in manufacturing."

"Buyers have visited the fair during the first three days and shared their interest in placing orders with their regular and new suppliers at the fair. We have been visited by several old and new buyers. Now, it is very heartening to see next generation of our patrons start their sourcing journeys with IHGF Delhi Fair. The India Expo Centre & Mart is a witness to kindling of new business relations between these young buyers with our handicraft industry's second and third generation exporters. This way our global family is growing," said Dr. Rakesh Kumar, Chairman, IEML.

Daisy Snow and Scott Hiron, UK represent Ian Snow, who patronised EPCH fairs since its very first editions is happy to be 'home' at the fair. She says, "I've immersed myself with my dad in India's home ware and furniture industry, rooted in my English heritage. Working alongside artisans, I've preserved traditional crafts sustainably by encouraging use of recycled materials. Though working globally, I've shared the beauty of Indian craftsmanship while advocating for conscious consumption." Maria and David, buyers from USA are looking at high-end and premium table linens and quilts to cater to a client base that has

deep appreciation for craftsmanship. “We believe in the value of personal connections, which is why we're here to establish relationships with our suppliers and their teams,” they share.

Another buyer from USA, Tim O Hearn, said, “My company is about honest luxury with beauty and quality, craftsmanship and enduring style. This is why I am here for beautiful furnishings. I'm finalizing deals for some bags. There is more to go”. Julia and Daniel, buyers from Germany who are also happy at the fair’s navigation and spread out of displays share, “We deal in handmade Cashmere and seek new Indian suppliers in this category. Impressed by Indian products' quality and hand-woven techniques, we're eager to forge partnerships, enhancing our offerings to our customers.”

Dr. Neeraj Khanna, Vice Chairman II, EPCH, informed, “featuring 14 diverse product categories across 16 large halls at the India Expo Centre & Mart, the fair remains a source of inspiration and excitement for both regular patrons and first-time trade visitors alike. Here, attendees have the opportunity to connect with makers, draw inspiration, and procure creations from a wide spectrum of manufacturers hailing from various regions of India. For many, the fair serves as a vibrant hub of innovation and artistic fusion, showcasing a seamless blend of timeless classics and contemporary influences. From transitional elements to elegantly simple yet unexpectedly striking designs inspired by nature and everyday experiences, the fair is offering a captivating journey through the realms of craftsmanship and creativity.”

Mr. R K Verma, Executive Director, EPCH, added “today’s seminars on ‘Creating Online Presence through Effective Digital Marketing Techniques’ and ‘Emerging Trends of Cyber Security Challenges and Security Services in Digital Era’ had acclaimed senior industry experts share about understanding marketing, digital marketing, and corporate communication as well as measures for data protection, applications of cyber security, top 7 cyber safety actions, cyber security at work, legal and regulatory compliance, etc.”

Mrs Priya Agarwal, Fair President, IHGF Delhi Fair–Spring 2024 further added, “these interactive sessions with illustrated presentations and interactions had several attendees who benefitted from the knowledge and updates. On the other side of the spectrum, Ramp Shows offered practical and user-friendly perceptions to assortments like bags, luggage, resort/lounge wear, shawls & stoles and jewellery in a variety of mediums.”

Export Promotion Council for Handicrafts is a nodal agency for promotion of exports of handicrafts from the Country and create brand image of magic of the gifted hands of millions of artisans and crafts persons engaged in production of home, lifestyle, textiles, furniture and fashion jewellery & accessories products in different craft clusters of the Country. The overall Handicraft exports during the year 2022-23 was Rs. 30,019.24 Crores (US $ 3,728.47 Million), as informed by Mr. R. K. Verma, Executive Director, EPCH.

---

**For more information please contact:**
Shri. R. K. Verma, Executive Director – EPCH; +91-981069786

Encl: Hindi, English with photos

3 

Photo 1: Shri Nand Gopal Gupta 'Nandi', Hon'ble Cabinet Minister of Industrial Development, Export Promotion, NRI, Investment Promotion, Govt. of Uttar Pradesh visited and interacted member participants alongwith Dr. Neeraj Khanna, Vice Chairman-EPCH, Mrs. Priya Agarwal, Fair President, IHGF Delhi Fair–Spring’24; Mr. Avdesh Agarwal, General Secretary, MHEA and Mr. R. K. Verma, Executive Director during 57th IHGF Delhi Fair – Spring 2024 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida



Photo 2: Overseas Buyers Transacting Business with the Exhibitors during 57th IHGF Delhi Fair – Spring 2024 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida



Photo 3: Ramp show held today at 57th edition of IHGF-Delhi Fair – Spring’24 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida




Photo 4: EPCH organised an awareness seminar on “Crafting Online Presence through Effective Digital Marketing” & “Emerging Cyber Security Trends: Challenges and Security Services in Digital Era” with large number of member participants of 57th edition of IHGF-Delhi Fair – Spring’24 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida